# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

**PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS**
**COMPILED BY MEDIA CELL (29.05.2025)**

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR**
**DATE:29.05.2025, PAGE-04**

## 11 केंद्रों पर विशेष परीक्षा आज से

मुजफ्फरपुर। बीआरएबीयू में स्नातक पार्ट-2 की विशेष परीक्षा गुरुवार से 11 केंद्रों पर शुरू होगी। परीक्षा में 14 हजार परीक्षार्थी शामिल होंगे। विशेष परीक्षा का फॉर्म भरने के लिए कई छात्रों ने तिथि बढ़ाने का आवेदन दिया था।

छात्रों के आवेदन पर परीक्षा नियंत्रक सुबा लाल पासवान ने 28 मई को दोपहर तीन बजे तक फॉर्म भरने का समय बढ़ा दिया। अंतिम दिन 500 विद्यार्थियों ने फॉर्म भरे। फॉर्म भरने के साथ छात्रों को एडमिट कार्ड भी दिए गए। दो पालियों में होने वाली विशेष परीक्षा के लिए विषयों को चार ग्रुपों में विषय को बांटा गया है।

## वोकेशनल कोर्स को आए 1907 आवेदन

मुजफ्फरपुर। बीआरएबीयू में वोकेशनल कोर्स के लिए बुधवार शाम तक 1907 आवेदन आ चुके हैं। सबसे ज्यादा आवेदन बीसीए में आए हैं। सीसीडीसी प्रो. मधु सिंह ने बताया कि आवेदन की अंतिम तारीख 30 मई है।

छात्र brabu.net पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। वोकेशनल कोर्स की प्रवेश परीक्षा पांच जून को होगी। सीसीडीसी ने बताया कि आवेदन करने के बारे में पोर्टल पर ही जानकारी दी गई है। वोकेशनल के अलावा बिहार विवि में रसियन कोर्स में भी ओवदन की प्रक्रिया जल्द शुरू होगी। विभाग के डॉ. दिव्यम प्रकाश ने बताया कि 15 जून से पोर्टल खोला जाएगा। 10 तक आवेदन लिए जाएंगे व 15 जुलाई से कक्षाएं शुरू होंगी।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

**DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR**
**DATE: 29.05.2025, PAGE-06**

# अब महिला छात्रावास संख्या दो में रहेंगी पीएचडी की शोधार्थी

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में पीजी महिला छात्रावास संख्या दो का आवंटन अब छात्राओं के लिए किया जाएगा। इसमें पीएचडी शोधार्थी रहेंगी। छात्रावास रिपेयरिंग के बाद इसे विश्वविद्यालय को हस्तगत किया जाना है। इसकी प्रक्रिया शुरू हो गई है। कुलपति के पीजी महिला छात्रावास में निरीक्षण के बाद इसके आवंटन की उम्मीद जग गई है। बताया जा रहा है कि पीजी महिला छात्रावास संख्या दो का आवंटन पीएचडी शोधार्थियों के लिए किया जाएगा। इसमें एक फ्लोर पर ही छात्राएं रहेंगी। वहीं बाकी जगह अतिथियों के लिए रखा जाएगा।

दूसरी ओर कुलपति के महिला छात्रावास निरीक्षण के अगले दिन बुधवार को अभिभावक बच्चों की खोज - खबर लेते रहे। विश्वविद्यालय ने पिछले दिनों आदेश जारी करते हुए ग्रीष्मावकाश में छात्रावास खाली करने का निर्देश जारी किया गया था। इसके साथ ही परीक्षा में शामिल होने वाली छात्राओं के लिए यह निर्देश दिया गया था कि वे अपना एडमिट कार्ड की कापी विश्वविद्यालय कार्यालय में जमा कराकर छात्रावास में ठहर सकती हैं। छात्राओं के छात्रावास खाली नहीं करने को लेकर कुलपति प्रो. डीसी राय ने मंगलवार को महिला छात्रावास का निरीक्षण किया। इस दौरान छात्राओं ने परीक्षा का हवाला देकर छात्रावास में रहने की अनुमति मांगी।

**विश्वविद्यालय को मिलेंगे अंग्रेजी के 38 शिक्षक** : बीआरए बिहार विश्वविद्यालय को अंग्रेजी के 38 शिक्षक मिलेंगे। बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग की अनुशंसा पर उपलब्ध कराई गई सूची को शिक्षा विभाग की ओर से विश्वविद्यालय को उपलब्ध करा दिया गया है। आने वाले दिनों में चयनित अभ्यर्थियों के लिए काउंसिलिंग होगी।

BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR

PIN-842001 (BIHAR)

Website:-www.brabu.net

Ref:.................... Date:..........................

**DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE:29.05.2025, PAGE-06**

# शाम चार बजे के बाद छात्रों को मिला एडमिट कार्ड

**जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर:** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में गुरुवार से टीडीसी पार्ट टू स्पेशल परीक्षा की शुरुआत होगी। इसके लिए बुधवार दोपहर बाद तक परीक्षा फार्म भराया जाता रहा। इस कारण कालेजों से लेकर विश्वविद्यालय तक अफरातफरी की स्थिति रही। कई कालेजों में शाम चार बजे के बाद छात्र-छात्राओं को एडमिट कार्ड उपलब्ध कराया गया। एलएस कालेज के सत्र 2019-22 के कई छात्रों को एडमिट कार्ड चार बजे जारी किया गया। इसके इंतजार में छात्र दिन भर कालेज में इंतजार करते रहे। कई कालेजों में गुरुवार की सुबह एडमिट कार्ड भी दिए जाएंगे। कई कालेजों ने सत्र 2019-22 के छात्र-छात्राओं के लिए देर शाम तक एडमिट कार्ड नहीं जारी किए जाने की शिकायत की है। इसको लेकर कालेज की ओर से पत्र भी जारी किया गया है।

एसआरएपी कालेज बाराचकिया की ओर से जारी पत्र में कहा गया है

## टीडीसी पार्ट टू स्पेशल परीक्षा से एक दिन पहले तक भराया गया फार्म, कई कालेज में आज सुबह वितरित किया जाएगा एडमिट कार्ड



कि विद्यार्थयों का प्रवेश पत्र कालेज के वेबसाइट पर उपलब्ध है। वहां से विद्यार्थी डाउनलोड कर सकते हैं। दूसरी ओर सत्र 2019-22 के लिए एडमिट कार्ड जारी नहीं किया गया है। जारी होते ही इसे भी वेबसाइट पर डाल दिया जाएगा। टीडीसी स्पेशल पार्ट टू की परीक्षा में 14 हजार विद्यार्थी शामिल हो रहे हैं। इसके लिए सभी जिलों में केंद्र बनाए गए हैं।

## अपने ही आदेश का पालन नहीं कर सका विश्वविद्यालय

पिछले दिनों विश्वविद्यालय की ओर से इस बात को लेकर सहमति बनी थी कि परीक्षा शुरू होने से 10 दिन पहले ही फार्म भरने की प्रक्रिया समाप्त की जाएगी। बावजूद इसके विश्वविद्यालय अपने ही आदेश का पालन नहीं करा सका है। परीक्षा से एक दिन पहले तक कालेजों में परीक्षा फार्म भरा गया। आखिरी समय में अफरातफरी के कारण ही कई विद्यार्थियों का रिजल्ट पेंडिंग हो जाता है।

**इन केंद्रों पर होगी परीक्षा :** एमडीडीएम कालेज, डा. जगन्नाथ मिश्र कालेज, एलएनटी कालेज, पीयूपी कालेज मोतिहारी, एसएनएस कालेज मोतिहारी, एनएन कालेज सिंघाड़ा, जेएल कालेज हाजीपुर, एसआरकेजी कालेज सीतामढ़ी, आरएसएस साइंस कालेज सीतामढ़ी, आरएलएसवाई कालेज बेतिया, एमजेके कालेज बेतिया।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:.....................** **Date:..........................**

DAINIK JAGRAN
MUZAFFARPUR
DATE:29.05.2025,
PAGE- 06

## वोकेशनल कोर्स में अब तक 1907 आवेदन आए

मुजफ्फरपुर : बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में वोकेशनल कोर्स में नामांकन के लिए अब तक 1903 आवेदन आए हैं। सबसे अधिक बीसीए में 900 से आवेदन स्वीकृत हुए हैं। शुक्रवार तक आनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि तय की गई है। आवेदन प्रक्रिया पूरी होने के बाद पांच जून को प्रवेश परीक्षा होगी। जून में ही परिणाम जारी कर नामांकन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। जुलाई से नए सत्र में कक्षाएं शुरू हो जाएंगी। (जासं)

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

## PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR
## DATE: 29.05.2025, PAGE-04

# स्नातक द्वितीय वर्ष की विशेष परीक्षा आज से

- एडमिट कार्ड के लिए परेशान रहे, 15 हजार से अधिक विद्यार्थी देंगे परीक्षा

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरएबीयू की स्नातक द्वितीय वर्ष की विशेष परीक्षा गुरुवार से शुरू होगी. बुधवार दोपहर तक फॉर्म भरने का मौका दिया गया था. ऐसे में कॉलेजों में शाम तक विद्यार्थी एडमिट कार्ड लेने के लिए इंतजार करते रहे. शाम में उन्हें एडमिट कार्ड उपलब्ध कराया गया. कई परीक्षार्थियों को एडमिट कार्ड नहीं मिलने पर लौटना भी पड़ा. कहा गया कि परीक्षा से ठीक पूर्व गुरुवार को एडमिट कार्ड मिलेगा. कई कॉलेजों ने विद्यार्थियों की परेशानी को देखते हुए एडमिट कार्ड वेबसाइट पर अपलोड कर दिया है. कहा है कि विद्यार्थी इसे डाउनलोड कर परीक्षा में शामिल हो जाएं. कई कॉलेजों ने विवि को बताया कि एडमिट कार्ड जारी ही नहीं किया गया है. परीक्षा में 15 हजार से अधिक परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं. वार्षिक व्यवस्था में यह स्नातक द्वितीय वर्ष की आखिरी परीक्षा है.

इसमें करीब चार सत्रों के विद्यार्थियों को मौका दिया गया है. इस परीक्षा को लेकर एमडीडीएम कॉलेज, डॉ जगन्नाथ मिश्र कॉलेज, एलएनटी कॉलेज, पीयूपी कॉलेज मोतिहारी, एसएनएस कॉलेज मोतिहारी, एनएन कॉलेज सिंघाड़ा, जेएल कॉलेज हाजीपुर, एसआरकेजी कॉलेज सीतामढ़ी, आरएसएस साइंस कॉलेज सीतामढ़ी, आरएलएसवाई कॉलेज बेतिया व एमजेके कॉलेज बेतिया को परीक्षा केंद्र बनाया गया है.

## तीन को एमआइटी में पहुंचेगी ऑडिट टीम

**मुजफ्फरपुर.** एमआइटी में महालेखाकार की टीम ऑडिट के लिए पहुंचेगी . तीन जून को टीम परिसर में आएगी . इसको लेकर कॉलेज में तैयारी की जा रही है . कहा गया है कि कॉलेज के टेक्यूप का स्टॉक बुक तीन दिनों के भीतर सेंट्रलाइज्ड बुक में अपडेट करें .

PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR
DATE: 29.05.2025, PAGE-04


# वोकेशनल कोर्स के लिए कल तक आवेदन देने का अवसर

- कई कोर्स में 10 प्रतिशत से भी कम आवेदन, संचालन पर भी संकट
- बीसीए में सर्वाधिक 918 विद्यार्थियों ने किया है आवेदन, बीएमसी में सबसे कम तीन आवेदन आये

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरएबीयू के विभिन्न कॉलेजों में संचालित वोकेशनल कोर्स में दाखिले के लिए 30 मई को ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि है. 28 मई की शाम तक कुल 14 कोर्स के लिए 1907 आवेदन प्राप्त हुए हैं. सबसे अधिक आवेदन बीसीए कोर्स के लिए आया है. इसके लिए कुल 918 छात्र-छात्राओं ने आवेदन किया है. वहीं सबसे खराब स्थिति बीएमसी कोर्स की है. इसके लिए सिर्फ तीन ही विद्यार्थी ने आवेदन किया है. 30 मई तक आवेदन लेने के बाद पांच जून को वोकेशनल कोर्स में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित की जायेगी. वहीं 15 जून से आवंटित कॉलेजों में नामांकन लिया जाएगा. एक जून से नए सत्र की कक्षाएं शुरू करने की कार्ययोजना तैयार की गई है. बता दें कि पहली बार वोकेशनल कोर्स में दाखिले के लिए विश्वविद्यालय स्तर पर केंद्रीकृत प्रक्रिया हो रही है. वहीं दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा भी ली जा रही है.

## कोर्स और आये आवेदन

- बीबीए– 382
- बीसीए– 918
- बायोटेक्नोलॉजी– 52
- बीलिस– 156
- बीएमसी– 3
- सीएनडी– 22
- आइएफएएफ– 29
- आइएमबी– 41
- इंडस्ट्रियल केमेस्ट्री– 5
- एमएससी फिश एंड फिशरीज– 32
- एमबीए– 28
- एमसीए– 77
- पीजीडीसीए– 115
- पीजीडीवाइएस– 47
- **कुल- 1907**

**पीजी टू छात्रावास में रहेंगी शोधार्थी**

**मुजफ्फरपुर.** बीआरएबीयू ने महिला शोधार्थियों के लिए छात्रावास आवंटन का निर्णय लिया है. पीजी महिला छात्रावास संख्या-2 अब शोधार्थियों को आवंटित किया जायेगा. मरम्मत के बाद छात्रावास का आवंटन शुरू होगा. इसमें एक तल पर शोधार्थी रहेंगी, जबकि अन्य तल पर अतिथियों के ठहरने की व्यवस्था की जायेगी. महिला शोधार्थियों के लिए छात्रावास आवंटित होने से उन्हें किराया का कमरा लेकर रहने से छुटकारा मिलेगा. शोध को गति देने में भी उन्हें मदद मिलेगी. बता दें कि वीसी ने छात्रावासों का निरीक्षण किया था. इस दौरान उन्होंने सुविधाएं मुहैया कराने व छात्रावासों की मरम्मत का आश्वासन दिया था.